INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION

Subject: Hindi (Second Language) **Term 2 Revision Worksheet No: 2**
Date of Issue: __________ **Signature of Teacher:**

Name: ___________________________ Roll No.: _______ Class 5 & Sec: ____

प्रश्न 1 (क) निम्नलिखित वाक्यों में से कारक चिह्न पहचानकर लिखिए।

(i) राहुल ने आसमान में पक्षी उड़ा दिए। ____________ (ii) फल को चाकू से काटो। ____________

(iii) पिताजी बच्चे के लिए खिलौने लाएँगे। ____________ (iv) बंदर छत पर कूद रहा है। ____________

(ख)निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित कारक चिह्नों से कीजिए।

(i) मनीष ने मोहन ________________ अपने घर बुलाया। (ii) रमन ________________ बस्ता सुंदर है।

(iii) ________________ वीरो ! मातृभूमि की रक्षा करो। (iv) वह पेड़ ________________ फल तोड़ रहा है।

प्रश्न 2 (क) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए।

(i) इस भिखारी को कुछ अनाज दो। ____________ (ii) वह लड़का ताकतवर है। ____________

(iii) रीता मेरी प्रिय सहेली है। ____________ (iv) उसके पास पाँच हज़ार रुपए हैं। ____________

(ख) निम्नलिखित विशेषण शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।

(i) **दस -** ____

(ii) **होशियार -** ____

प्रश्न 3 (क) निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए।

(i) छोटा बालक रोता है। ____________ (ii) नौकर ने खाना बनाया। ____________

(iii) दादाजी अखबार पढ़ेंगे। ____________ (iv) छात्र शोर मचा रहे थे। ____________

(ख)निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित क्रिया शब्दों से कीजिए।

(i) मेरी बहन गाना ______________________। (ii) बच्चा पलंग पर ______________________।

(iii) वह गुड़िया से ______________________। (iv) अध्यापक कक्षा में ______________________।

प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों के काल पहचानकर लिखिए ।

(क) वह प्रतिदिन घूमने जाता है। ____________ (ख) वह लड़की नाच रही थी। ____________

(ग) माली पौधे लगाएगा। ____________ (घ) हमने कविता सुनाई। ____________

प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।

(क) नाव - ____________ (ख) खिड़की - ____________ (ग) दरवाज़ा - ____________

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए।

(क) पद - ____________ ____________ (ख) आग - ____________ ____________

(ग) उत्तर - ____________ ____________ (घ) भेद - ____________ ____________

प्रश्न 7 दिए गए चित्र का वर्णन 20 -25 शब्दों में कीजिए ।

प्रश्न 8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

एक समय की बात है, एक गाँव में ढेर सारे मुर्गे रहते थे। वे सुबह-सवेरे बाँग देकर गाँववालों को जगाने का काम करते थे। अचानक वे अपने-आप पर घमंड करने लगे कि हमारी बाँग के बिना गाँववाले सुबह उठ नहीं सकते इसलिए उन्होंने शरारत करने की सोची । उन्होंने निर्णय लिया कि अगले दिन वे बाँग नहीं देंगे। सब सोते रह जाएँगे फिर खूब मज़ा आएगा। मुर्गों ने अगले दिन सुबह बाँग नहीं दी फिर भी सभी लोग समय पर उठ कर अपने-अपने कामों में लग गए। तब मुर्गों को समझ में आ गया कि किसी के बिना कोई काम नहीं रुकता। सबका काम चलता रहता है। मुर्गों को अपने किए पर शर्मिंदगी महसूस हुई और वे बिना किसी घमंड के वापस अपना काम करने लगे।

प्रश्न

(क) मुर्गों को क्या समझ में आ गया ? **उ.** ____________

(ख) मुर्गे क्या काम करते थे ? **उ.** ____________

(ग) अगले दिन सुबह क्या हुआ ? **उ.** ____________

(घ) मुर्गे कहाँ रहते थे ? **उ.** ____________

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश में से दिए गए शब्दों के विलोम शब्द ढूँढ़कर लिखिए । **(i) शहर** ________ **(ii)**शाम ________

प्रश्न 9 निम्नलिखित विषयों में से किसी भी एक विषय पर लगभग 60-80 शब्दों में निबंध लिखिए।

(क) मेरा प्रिय त्योहार **(ख)** सरदी की छुट्टियाँ **(ग)** भारत देश **(घ)** विद्यालय का खेल दिवस